>

Title: Dr. Chinta Mohan called the attention of the Minister of Chemicals and Fertilizers to the situation arising out of shortage of fertilizers in various parts of the country and steps taken by the Government in this regard.

DR. CHINTA MOHAN (TIRUPATI): Sir, I call the attention of the Minister of Chemicals and Fertilizers to the following matter of urgent public importance and request that he may make a statement thereon:

> "The situation arising out of shortage of fertilizers in various parts of the country and steps taken by the Government in this regard."[m13]

**रसायन और उर्वरक मंत्री तथा इस्पात मंत्री (श्री राम विलास पासवान) :** अध्यक्ष महोदय, रबी मौसम 01.10.2007 से प्रारम्भ होता है और 31.03.2008 को समाप्त होता है। कृषि और सहकारिता विभाग, कृषि मंत्रालय ने राज्य सरकारों के परामर्श से उर्वरकों की मांग का अनुमान लगाया है, जो निम्नलिखित हैः

यूरिया - 140.02 लाख मी. टन

डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) - 49.13 लाख मी. टन

म्यूरिएट ऑफ पोटाश (एमओपी) - 19.61 लाख मी. टन

उपर्युक्त आवश्यकता की तुलना में इस विभाग ने 155.59 लाख मी. टन यूरिया 55.28 लाख मी.टन डीएपी और 22.06 लाख मी.टन एमओपी की आपूर्ति करने की योजना बनाई है। उपलब्ध सूचना के आधार पर इन तीनों उत्पादों की उपलब्धता और बिक्री को दर्शाने वाला ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है। यह देखा जा सकता है कि उपलब्धता हमेशा बिक्री से अधिक रही है।

ऊपर उल्लिखित तीन उत्पादों में से केवल यूरिया ही नियंत्रित वस्तु है, अन्य दो उत्पाद अर्थात डीएपी और एमओपी नियंत्रण मुक्त हैं। किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए सरकार तीनों उत्पादों की उपलब्धता पर निरंतर निगरानी रख रही है। जहां तक रबी 2007-2008 का संबंध है, सभी राज्यों में यूरिया की स्थिति काफी अच्छी है, जबकि डीएपी और एमओपी के संबंध में निरंतर बिक्री के लिए इनकी पर्याप्त मात्रा उपलब्ध कराई गई है, जिसे विवरण से देखा जा सकता है। जहां तक डीएपी का संबंध है, यह उल्लेख किया जाता है कि अमेरिका और ब्राजील जैसे देश जहां मक्का और गन्ने जैसी फसलों से एथनॉल का उत्पादन किया जाता है, इनकी मांग में काफी वृद्धि होने के कारण विश्व भर में इसकी उपलब्धता पर जोर दिया जा रहा है। परिणामस्वरूप, विश्व व्यापार में डीएपी के साथ-साथ इसकी मध्यवर्ती - फॉस्फोरिक एसिड और इसके कच्चे माल - रॉक फॉस्फेट के मूल्यों में तीव्र और अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। इसके साथ ही पोत परिवहन प्रभारों में भी तेजी से वृद्धि हुई है। परम्परागत रूप से कंपनियों द्वारा फोस्फेटिक उर्वरकों का आयात किया जाता है और इन्हें सामान्य व्यापार माध्यमों के जरिए वितरित किया जाता है। इसके विपरीत इस वर्ष कंपनियों द्वारा सामान्य से बहुत कम आयात किया गया है।

MR. SPEAKER : I am sure, hon. Members have got the statement. The hon. Minister can lay it on the table of the House.

SHRI RAM VILAS PASWAN : Sir, I lay the remaining portion of the statement on the Table of the House.

*Government stepped in and arranged for imports for the Rabi season. The State Governments were asked, as far back as May 2007, to either arrange for imports themselves or alternatively to nominate a suitable agency to receive stocks from Central State Trading Agencies and arrange for their distribution within the respective States. States such as Punjab, Haryana, Madhya Pradesh, Rajasthan and Uttar Pradesh have made such arrangements and have been able to receive stocks comfortably. Although others did not do so, the Department of Fertilizers made arrangements to ensure that all States receive adequate stocks.

Sensing the constraint in supply of DAP, Government have also brought Mono Ammonium Phosphate (MAP) under the subsidy regime/arranged for its import and have, for this year, kept the MRP of MAP at the same level as that of DAP, although it contains a higher percentage of Phosphorous.

My Ministry has also ensured that the original production schedule of DAP, by companies, 20.19 LMT was revised to 26.13 LMT for Rabi 2007-08. The production schedule is, by and large, being adhered to and has helped alleviate the pressure.

State Governments have been asked to draw, each month, a district-wise and company-wise supply plan indicating the quantities of each of the three products, Urea, DAP and MOP to each of the districts. Contrary to the earlier practice of releasing subsidy based on dispatch (in respect of urea), my ministry is ensuring that subsidy is released only on the stock

reaching each and *every* district as per supply plan. In respect of phosphatic and potassic fertilizers, subsidy continues to be made on the basis of actual sales.

Government is fully alive and sensitive to the requirements of fertilizers by the farmers and is making every effort to ensure that they are supplied in time. It is not out of place, in this context, to mention that this Government have maintained the price line during its tenure despite increasing costs of production/ import and consequently significant rise in subsidy. While Government of India will continue its efforts to oversee that fertilizers are supplied to farmers in all States, the State Governments have a primary responsibility in ensuring their equitable distribution within the States and to ensure that malpractices are not resorted to by traders.

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | Annexure | |
| **RABI 2007A08RU ('000 tonnes)** | | | |
| Mont | iwise availability and sales of Urea | | |
| State | Month | Availability | Sales |
| SOUTH ZONE | | | |
| Andhra Pradesh | October | 431.95 | 183.54 |
| | November | 380.14 | 119.42 |
| Karnataka | October | 155.40 | 94.63 |
| | November | 124.13 | 32.89 |
| Kerala | October | 19.20 | 10.65 |
| | November | 23.99 | 12.84 |
| Tamil Nadu | October | 150.52 | 119.69 |
| | November | 157.17 | 111.40 |
| WEST ZONE | | | |
| Gujarat | October | 181.25 | 45.75 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | November | 291.95 | 98.65 |
| Madhya Pradesh | October | 235.19 | 166.17 |
| | November | 324.30 | 191.04 |
| Chhattisgarh | October | 50.32 | 5.68 |
| | November | 49.34 | 4.70 |
| Maharashtra | October | 243.80 | 68.30 |
| | November | 311.76 | 86.00 |
| Rajasthan | October | 190.15 | 118.56 |
| | November | 207.43 | 147.20 |
| NORTH ZONE | | | |
| Haryana | October | 350.00 | 145.00 |
| | November | 393.16 | 185.00 |
| Punjab | October | 270.25 | 164.90 |
| | November | 320.99 | 195.50 |
| Uttar Pradesh | October | 818.00 | 220.30 |
| | November | 973.70 | 332.49 |
| Uttaranchai | October | 21.79 | 7.00 |
| | November | 30.79 | 10.23 |
| EAST ZONE | | | , |
| Bihar | October | 203.66 | 84.59 |
| | November | 261.35 | 122.47 |
| Jharkhand | October | 17.73 | 4.54 |
| | November | 20.77 | 8.87 |
| Orissa | October | 89.46 | 13.17 |
| | November | 83.80 | 3.04 |
| West Bengal | October | 152.72 | 93.14 |
| | November | 149.72 | 130.71 |

Figure for the month of October is Actual.

Availability for the month of November is upto 30.11.2007 and sales are provisional.

| RABI2007-08 **DAP** (000 tonnes) | | | |
|---|---|---|---|
| Monthwise availability and sales of DAP | | | |
| State | Month | Availability | Sales |
| SOUTH ZONE | | | |
| Andhra Pradesh | October | 84.21 | 75.24 |
| | November | 46.45 | 41.88 |
| Kamataka | October | 42.37 | 42.31 |
| | November | 22.79 | 17.88 |
| Kerala | October | 4.50 | 2.74 |
| | November | 2.94 | 1.15 |
| Tamil Nadu | October | 39.92 | 35.82 |
| | November | 22.57 | 18.04 |
| WEST ZONE | | | |
| Gujarat | October | 104.34 | 59.83 |
| | November | 132.57 | 125.81 |
| Madhya Pradesh | October | 200.72 * | 90.41 |
| | November | 208.44 | 89.33 |
| Chhattisgarh | October | 4.56 | 3.84 |
| | November | 5.56 | 4.17 |
| Maharashtra | October | 57.15 | 50.14 |
| | November | 48.78 | 31.93 |
| Rajasthan | October | 207.29 * | 132.41 |
| | November | 145.87 | 75.06 |
| NORTH ZONE | | | |
| Haryana | October | 255.59 * | 215.25 |
| | November | 116.70 | 95.00 |
| Punjab | October | 377.66 * | 169.05 |
| | November | 274.83 | 66.87 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| Uttar Pradesh | October | 341.00 * | 164.99 |
| | November | 459.01 | 318.00 |
| Uttaranchal | October | 3.84 | 2.56 |
| | November | 3.48 | 2.94 |
| EASTZONE | | | |
| EJihar | October 29.89 | | 14.13 |
| | November | 94.16 | 53.16 |
| Jharkhand | October | 4.01 | 3.49 |
| | November | 6.81 | 5.23 |
| Orissa | October | 11.28 | 3.17 |
| | November | 15.48 | 5.21 |
| West Bengal | October | 41.71 | 27.49 |
| | November | 30.14 | 17.81 |

Figure for the month of October is Actual.

* Includes State Federation stock
Availability for the month of November is upto 30.11.2007 and sales are provisional.

**RABI 2007-08 ■ ('000TONNES)**

Monthwise availability and sales of MOP

| State | Momth | Availability | Sales |
|---|---|---|---|
| SOUTH ZONE | | | |
| Andhra Pradesh | October | 60.58 | 50.50 |
| | November | 35.41 | 25.35 |
| Karnataka | October | 37.86 | 23.54 |
| | November | 32.09 | 9.97 |
| Kerala | October | 9.66 | 9.66 |
| | November | 15.95 | 14.16 |
| Tamil Nadu | October | 74.23 | 48.04 |
| | November | 66.19 | 41.55 |
| WEST ZONE | | | |
| Gujarat | October | 23.32 | 16.94 |
| | November | 22.12 | *15.54* |
| Madhya Pradesh | October | 14.74 | 12.40 |
| | November | 5.45 | 3.27 |
| Chhattisgarh | October | 2.97 | 0.67 |
| ,. . . : | November | 4.90 | 2.60 |
| Maharashtra | October | 27.28 | 9.80 |
| | November | 38.38 | 14.10 |
| Rajasthan | October | 4.48 | 2.26 |
| | November | 2.77 | 1.15 |
| NORTH ZONE | | | |
| Haryana | October | 6.54 | 4.94 |
| | November | 1.60 | 0.98 |
| Punjab | October | 8.58 | 7.22 |
| | November | 3.77 | 1.83 |
| Uttar Pradesh | October | 9.00 | 9.00 |
| | November | 6.00 | 3.00 |
| Uttarancrtai | October | 0.96 | 0.96 |
| | November | 1.59 | 0.34 |
| | | | |
| Bihar | October | 15.45 | 11.39 |
| | November | 26.36 | 16.18 |
| Jharkhand | October | 1.86 | 1.38 |
| | November | 2.18 | 1.92 |
| Orissa | October | 26.33 | 5.09 |
| | November | 21.74 | 1.33 |
| West Bengal | October | 32.51 | 23.12 |
| | November | 33.14 | 24.07 |

| |
|---|
| Figure for the month of October is Actual.<br>Availability for the month of November is upto 30.11.2007 and sales* are provisional. |

DR. CHINTA MOHAN : Sir, I have seen the statement given by the hon. Minister and also the reply he gave. Here I would like to seek a few clarifications from his own statement. The hon. Minister said that he made plans to supply fertilizers. I would like to know what plans he made to fill in the shortage of these fertilizers. The second clarification that I would like to know form his own statement is this. He says - the position in all the States is very comfortable. I do not see any comfort in the States. There is a huge demand. There is a big crisis. ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : Hon. Members, silence please.

DR. CHINTA MOHAN : I do not want to use harsh words. But there is a huge demand and farmers are in big distress.

The third clarification I would like to know from the hon. Minister from his own statement is this. He says that the Government stepped in and arranged for imports for the Rabi season. Sir, the Rabi season has already started two months back. I would like to know when did the Government step in to arrange the import of these fertilizers.

The fourth clarification I would like to know from the hon. Minister is this. He says – the Department of Fertilizers made arrangements to ensure that all States receive adequate stocks. How are the States going to receive these stocks?

MR. SPEAKER : Too much of private talks are going on in the House. I am sorry. Hon. Members, please maintain silence.

DR. CHINTA MOHAN : Sir, the fifth clarification I would like to seek from the hon. Minister is this. In the last paragraph of his statement he says – Government is fully alive and sensitive to the requirements of fertilizers by the farmers.

I do not know about the drafting of this statement. What does it mean that the Government is fully alive? He could have used a better word. Today, conveniently, the hon. Minister said that there is a shortage of fertilizers in the world and there is a steep increase of demand in Brazil and USA. That is why the shortage has come in India. Here, today there is a big problem in every district, in every village and the farmers are not able to put their crops in and they are not able to go for the transplantation of the crops. [k14]

I would like to know from the Minister what his short-term strategy is and what his long-term strategy is. I would also like to know who is accountable for this chaos, for this problem today. I would like to go on record to say that today we are able to supply one bag of fertiliser to the farmer, but by next year, we will not be in a position to supply even one kilogram of fertiliser to the farmer because there is a big shortage of fertilisers in the world and also in our country and we are not taking strong steps to come out of this problem. Fertilisers are going to be in big shortage; power is going to be in big shortage; and food grains are also going to be in big shortage. I wanted to know what his strategy is to meet all these problems.

MR. SPEAKER: 'Power' is not in his jurisdiction.

DR. CHINTA MOHAN : Sir, he can reply to matters in his jurisdiction. ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Certainly.

...(*Interruptions*)

SHRI UDAY SINGH (PURNEA): Sir, I also want to associate. ...(*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदय :** कभी कभी तो रूल फॉलो कीजिए।

â€¦(व्यवधान)

**श्री अविनाश राय खन्ना (होशियारपुर):** अध्यक्ष महोदय, यह एक बहुत महत्वपूर्ण विषय है। आज हम किसान की बात करते हैं तो किसान को जितनी चीजें चाहिए, उनके मिलने की समस्या है। उसके बावजूद भी वह अन्न पैदा करता है और केन्द्र के भंडार में भेजता है, लोगों को देता है। जितनी चिन्ता उसके बारे में होनी चाहिए, सरकार उतनी चिन्ता नहीं करती। डीएपी की इंपॉर्टैन्स किसान के लिए सबसे ज्यादा है, क्योंकि डीएपी रूट्स को मज़बूत करता है। अगर डीएपी न

डाला जाए तो सारी ज़मीन बंजर हो जाएगी। स्टेटमैंट में जो आंकड़े मंत्री जी ने हमें दिये हैं, उससे लगता है कि किसानों को खाद की समस्या ही नहीं है। अगर समस्या नहीं है तो आज के समाचार-पत्र जो पंजाब से छपे हैं, उनको आप देख सकते हैं कि कितने किसान आज सड़कों पर आकर इस खाद के लिए लड़ने को तैयार हैं। अगर प्रोडक्शन ज्यादा है और डिमांड कम है तो फिर समस्या किस बात की है? ये आंकड़े हाउस को मिसलीड करने के लिए या शायद किसानों को खुश करने के लिए दिये गये हैं। अगर प्रोडक्शन ज्यादा है और सेल कम है तो फिर खाद किसके पास पड़ी है? मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि अभी दिसम्बर महीना किसानों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उसको तीनों खादों - यूरिया, डीएपी और एमओपी की बहुत ज़रूरत है। क्या मंत्री जी सदन को एश्योर करेंगे कि आने वाले समय में किसान को इस खाद को लेने के लिए भाग-दौड़ नहीं करनी पड़ेगी, उसको सड़कों पर जाम नहीं लगाना पड़ेगा, उसको खाद आराम से मिल पाएगी?

एक प्रश्न मैं और पूछना चाहता हूं। यह साल में किसी खास समय की बात नहीं है। हर फसल में खाद की ज़रूरत होती है। क्या केन्द्र सरकार कोई ऐसा प्लान बनाएगी कि आने वाले समय में किसान को खाद आराम से मिल पाए? जब डिमांड आए, उस समय हम इंपोर्ट करें और इंपोर्ट करने के बाद काफी खाद अभी तक इसलिए पोर्ट पर पड़ी है क्योंकि अनाज पोर्ट से नहीं उठाया गया। जो जानकारी है, उसके मुताबिक कम से कम चार महीने और लगेंगे। इन चार महीनों में खाद को उपभोक्ता के पास, किसान के पास कैसे पहुंचाया जाएगा? मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि खाद की कमी न आए, सरकार इसके लिए जो लॉंग टर्म प्लान है, क्या वह बनाएगी?

**अध्यक्ष महोदय :** सिर्फ प्रश्न पूछिये प्लीज़।

श्री चन्द्रमणि त्रिपाठी - उपस्थित नहीं।

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय।

**डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) :** अध्यक्ष महोदय, मैंने माननीय मंत्री महोदय का वक्तव्य देखा। मैं जानना चाहता हूं कि मध्य प्रदेश राज्य को जैसा कि आपने अपने विवरण में दिया है, पर्याप्त मात्रा में रसायनिक उर्वरकों की उपलब्धि कराई है, लेकिन राज्य सरकार का कथन है कि उन्हें समय पर खाद नहीं मिली जिसके कारण वहां काफी संकट रहा। इस बारे में वहां का एक प्रतिनिधिमंडल भी आपसे मिला था और आपसे अनुरोध किया था कि जो खाद नहीं पहुंच रही है, वह समय पर पहुंचे। मैं जानना चाहता हूं कि जो एसएसपी, डीएपी या यूरिया है, इनकी उपलब्धता के बारे में वर्तमान में जो संयंत्र काम कर रहे हैं, देश के अंदर लगभग 56 बड़े कारखाने तथा 72 छोटे कारखाने काम कर रहे हैं। [h15]उन कारखानों में जो उत्पादन होता है, आप उन्हें सीधे सब्सिडी देते हैं। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या यह सब्सिडी आप सीधे किसानों को देने का प्रयास कर रहे हैं या इसके बारे में कोई विचार हुआ है? सीधे किसानों को सब्सिडी देने में लाभ हैं, क्योंकि इन पर भार बढ़ा है। आप सिंगल सुपर फास्फेट और डीएपी का भी ले रहे हैं, लेकिन दोनों का मिला करके ठीक तरह से उपयोग नहीं हो रहा है और इसकी कोई जांच-पड़ताल भी नहीं हो रही है। मेरा पहला प्रश्न यह है कि क्या मध्य प्रदेश राज्य या अन्य राज्यों ने जितना खाद मांगा है, उतना उन्हें उपलब्ध कराया है और यदि उपलब्ध कराने में कोई कठिनाई है तो वह किस प्रकार की है? दूसरा मेरा प्रश्न यह है कि क्या आप किसानों को सीधे सब्सिडी उपलब्ध कराना चाहते हैं और क्या इन खादों की गुणवत्ता के बारे में आपकी कोई नियंत्रण एजेंसी है, जो यह देख सके कि वास्तव में उचित मात्रा में इन्हें खाद मिल रही है, क्योंकि सिंगल सुपर फास्फेट में दूसरी चीजें मिला दी जाती हैं, इस कारण खाद में जो गुणवत्ता आनी चाहिए, वह नहीं आती है, ठीक इसी प्रकार से डीएपी और अन्य चीजों में भी है। इस गुणवत्ता की जांच के बारे में आपकी प्रणाली क्या है और क्या समय-समय पर आप इस गुणवत्ता की जांच करते हैं और यदि की है तो क्या उन उर्वरक उत्पादकों के प्रति आपने कोई कठोर कार्यवाही की है?

**श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) :** महोदय, माननीय मंत्री जी ने जो स्टेटमेंट दिया है, उसमें आपने स्वयं स्वीकार किया है कि सभी राज्यों में यूरिया की स्थिति काफी अच्छी है, ये आपने गलत बयानी की है। मैं समझता हूं कि जो भी खाद प्राप्त होती है, वह ठीक प्रकार से वितरित नहीं हो पा रही। आपने अपने वक्तव्य में इतनी सी बात कही है, आप अगर राज्य सरकार पर डालना चाहेंगे तो अलग बात है, लेकिन मैं निश्चित रूप से कहता हूं कि यूरिया और डीएपी भी नहीं मिल पा रहा है और इसकी बिक्री की भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। आपने अंत में कहा है कि हमने ये व्यवस्थाएं की हैं और करेंगे। सरकार किसानों की उर्वरक संबंधी जरूरतों के प्रति पूरी तरह सचेत और सजग है, सरकार तो आप ही की है। अगर आप राज्य सरकार या अन्य सरकारों पर डालना चाहें तो अलग बात है, मैं तो सरकार आपको मानता हूं और आपकी जिम्मेदारी है। सरकार सभी प्रयास कर रही है, समय पर खाद आपूर्ति की जाएगी, लेकिन मैं यह जानना चाहता हूं कि कब तक समय पर खाद की आपूर्ति की जाएगी? क्या जब खेती बर्बाद हो जाएगी, तब आपूर्ति की जाएगी? मैं आपसे बिजली की बात नहीं कर रहा हूं, राजस्थान में बिजली की कटौति बार-बार हो रही है, केन्द्र सरकार हमें बिजली नहीं दे पा रही है। इस संबंध में मैं विचार व्यक्त नहीं कर रहा हूं, मैं यह चाहता हूं कि जो खाद मिलनी चाहिए, वह ठीक समय पर मिले। इस समय राजस्थान के किसान दुखी हैं, उन्हें न समय पर खाद मिल रही है और न ही बिजली मिल रही है, इसलिए खेती बर्बाद हो रही है। इसलिए निश्चित रूप से राजस्थान सरकार को, दोनों प्रकार की खाद ठीक प्रकार से मिल जाए। राजस्थान सरकार काम कर रही है, मैं समझता हूं कि जो सरकार ठीक से काम नहीं कर रही है, उन्हें ठीक करने की जिम्मेदारी आपकी है।

इसलिए मेरी आपसे प्रार्थना है कि राजस्थान ही नहीं, बल्कि अन्य जो प्रदेश है, वे भी आज खाद के मामले में दुखी हैं। खाद का विभाग आपके पास है, इसलिए मेरी आपसे प्रार्थना है कि राज्य सरकारों पर आरोप न लगाते हुए, आपने इनके लिए क्या व्यवस्था की है कि इन्हें समय पर ठीक से खाद मिल जाए। जहां खाद आता है, वह वहीं पड़ा-पड़ा सड़ रहा है। इसलिए मैं समझता हूं कि देश के जितने भी प्रांत हैं, उन सबको ठीक से समय पर खाद मिल सके, यह मेरी आपसे प्रार्थना है। राजस्थान के साथ-साथ अन्य प्रांतों को भी ठीक से समय पर खाद मिले, यह आपसे मेरा अनुरोध है। आप ठीक प्रकार से समय पर सब को खाद दे पाएं, इसके लिए आपने क्या ठोस प्रयास किए हैं, यह आप बताने का प्रयत्न करेंगे। ..(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय:** माफ कीजिए, I would not allow this.

...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: I will go to the next issue.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: What is this? Can you claim it as a matter of right?

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I would not give it.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I cannot transform this into a debate. There are many Members who want to put questions.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Will you take your seats?

...(*Interruptions*)[rep16]

MR. SPEAKER: Please take your seats. You never bothered to give any notice. You have never bothered. The other hon. Members have given notices, according to the rules; five names have been selected. I have already announced that I will not do this. Very well, the Minister need not reply, if you do not want to hear his reply. No, I will not give it.

Shri Uday Singh, you are behaving in a very unfortunate manner.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: You cannot raise anything as you like, at any time, without my permission.

...(*Interruptions*)

SHRI UDAY SINGH : My State is in chaos and 'fire', Sir. ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Why did you not bother to give a notice and come here? You never bothered to give any notice and you say that your State is in 'fire'. Sorry, I would not allow.

...(*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदय :** आप लोग गुस्सा होते हैं, तो हों, मैं इस विषय पर अब और बोलने नहीं दूंगा। I will not give it. Please sit down; I would not give it, I have said. Shri Krishnadas, you are defying the Chair. Do not defy the Chair.

SHRI N.N. KRISHNADAS (PALGHAT): I have given a notice. .. (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: That is not a proper notice. Only five Members are allowed on this.

Now, the hon. Minister.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Sorry, I would not allow anybody – I said that. I would not. I will not allow you, Shri Krishnadas. You are deliberately defying me.

SHRI N.N. KRISHNADAS : No, Sir.

MR. SPEAKER: You are defying me.

SHRI N.N. KRISHNADAS : No, Sir.

MR. SPEAKER: Saying 'No, Sir', does not mean that you are obeying me.

...(*Interruptions*)

**श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) :** अध्यक्ष महोदय, मेरा निवेदन सुन लीजिए।

MR. SPEAKER: I would not allow today, Shri Prabhunath Ji.

**श्री प्रभुनाथ सिंह :** अध्यक्ष महोदय, हमारी बात तो सुन लीजिए।

**अध्यक्ष महोदय :** नहीं, आज मैं आपकी बात नहीं सुनूंगा।

â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER: I have been inviting Calling Attention notices. When I found that this is an important issue, I have admitted the Calling Attention. I have never received any notice from anybody. Now, you are showing that you are so-concerned.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Do not interrupt the Chair. It is a bad habit.

**श्री प्रभुनाथ सिंह :** अध्यक्ष महोदय, हमने तो आपसे आग्रह किया है।

**अध्यक्ष महोदय :** आग्रह करने से कुछ नहीं होगा। आप लोग बैठ जाइए। I am not bound by your notice.

...(*Interruptions*)

**श्री हरिभाऊ माधव जावले (जलगांव):** अध्यक्ष महोदय, मैंने नोटिस दिया है। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: You are also behaving in this manner. Sit down. You are a new Member, you are trying to compete with them.

हम आपसे विनती करते हैं। आप बैठिए। मैं कहना चाहता हूं कि आप में से नियम 193 के अन्तर्गत डिसकशन के लिए किसी माननीय सदस्य ने नोटिस भी नहीं था।

I would have been very happy. I announced at the first meeting in view of the Session that I will give as many as Calling Attentions as possible, which never was done in the past. How many I have given even in this Session? I am giving almost two every day. Today I have given one because for the other Calling Attention, the hon. Minister was not present. Otherwise, there would have been two Calling Attention discussions. I requested everybody.

There is a procedure. When there is only one Member, I go up to five or something like that. But, here there are five hon. Members who have given notices; now, you want to take advantage of another hon. Member's efforts, to have a proper discussion under Calling Attention. I have allowed that, but now, you want to make a general discussion. Today, you are all shedding tears for the people in your Constituencies.

Please cooperate. Now, the hon. Minister.

**श्री प्रभुनाथ सिंह :** अध्यक्ष महोदय, मेरी बात तो सुन लीजिए।

**अध्यक्ष महोदय :** हम आपसे हाथ जोड़ कर विनती करते हैं कि आप बैठ जाइए। कल आप नोटिस दीजिए। मैं आपको बोलने के लिए समय दूंगा।

**श्री प्रभुनाथ सिंह :** कभी-कभी आप कृपा करते हैं, तो सात-आठ लोगों को भी बोलने का अवसर दे देते हैं। आज पांच सदस्य भी नहीं बोले हैं।

MR. SPEAKER: That is precisely what I say. किस पांचवें सदस्य को बोलने का अवसर दूं?

**श्री प्रभुनाथ सिंह :** सर, हमें पांचवें सदस्य के रूप में बोलने का अवसर दीजिए।

**अध्यक्ष महोदय :** क्यों केवल आपको अवसर दूं? नहीं, सौरी।

...(*Interruptions*)

SHRI N.N. KRISHNADAS : Sir, I have given a notice.

MR. SPEAKER: Shri Krishnadas, you may better take a copy of the rule book and read it.

...(*Interruptions*)

SHRI N.N. KRISHNADAS : I have given a notice in the morning.

...(*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदय :** कॉलिंग अटेंशन मोशन का नोटिस नहीं होता है। I have the names of another nine hon. Members. Now, only the hon. Minister's statement will be recorded and nothing else.

*(Interruptions) â€¦ **

**श्री प्रभुनाथ सिंह :** अध्यक्ष महोदय, कभी-कभी आप 7-8 मैम्बर्स को बोलने का समय देते हैं। ...(*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदय :** वह पुराना जमाना था। हम आपको अब बोलने के लिए समय नहीं देंगे। आप कल नोटिस दीजिए। हम आपको एलाऊ करेंगे।

...(*Interruptions*)

* Not recorded

MR. SPEAKER: No, I would not allow, Shri Krishnadas. You are defying me deliberately.

...(*Interruptions*)

**श्री प्रभुनाथ सिंह :** अध्यक्ष जी, हमें केवल एक सवाल पूछने दीजिए।

**अध्यक्ष महोदय :** नहीं, सौरी। हम माफी मांगते हैं। दोनों हाथ जोड़ कर माफी मांगते हैं।

â€¦(व्यवधान) [r17]

MR. SPEAKER: Thank you for your suggestion. I have rejected it. Let us behave in a responsible manner.

â€¦(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** हम इतना सहयोग करते हैं, लेकिन आप लोगों का कोई रिप्लाई नहीं है, कोई रैस्पोंस नहीं होता।

â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Shri Prabhunathji, please take your seat. You are a leader of an important Party. हम आप सबसे अपील करते हैं, थोड़ा सा हाउस को चलाने दीजिए, वरना चेयर को फैंक दीजिए।

**श्री राम विलास पासवान :** अध्यक्ष जी, मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं और हमारे माननीय सदस्य डॉ. चिन्ता मोहन जी को, अविनाश राय खन्ना जी को, लक्ष्मी नारायण पांडेय जी को, गिरधारी लाल भार्गव जी को और तमाम सदस्यों को कि जिन्होंने इस महत्वपूर्ण विषय पर नोटिस दिया और आपने कालिंग अटेंशन के रूप में, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के रूप में इसको स्वीकार किया है।...(व्यवधान) हमको कोई आपत्ति नहीं है, आप अगर अध्यक्ष महोदय की अनुमति से फुल डिस्कशन करना चाहें तो मैं उसके लिए भी तैयार हूं, हमें इसमें कोई एतराज नहीं है।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Nothing will be recorded except the statement of the hon. Minister unless permitted by the Chair.

*(Interruptions) â€¦ **

**श्री राम विलास पासवान:** सबसे बड़ी बात है, यदि आपकी आज्ञा हो तो मैं डिटेल में इस पर जाने की कोशिश करूंगा। चूंकि यह मामला कोई एक साल का नहीं है, हर साल जब आता है, फर्टिलाइजर का

* Not recorded

समय आता है, चाहे इस पक्ष की सरकार हो, चाहे उस पक्ष की सरकार हो, यह मामला हमेशा उठता रहता है। बहुत से साथियों ने कहा कि हमने अपने वक्तव्य में राज्य सरकार के ऊपर आरोप लगाया है। हमने कहीं किसी के ऊपर आरोप नहीं लगाया है। मध्य प्रदेश के हमारे साथी ने कहा कि मध्य प्रदेश में हाय-तौबा मच रही है, किसान जान दे रहे हैं...(व्यवधान)

मैं ऑन रिकार्ड कहता हूं कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री आज से 20 दिन पहले मेरे पास आये थे, और कुछ कहने के लिए नहीं आये, सिर्फ यही कहने के लिए आये कि पासवान जी, जिस तरीके की आपने व्यवस्था फर्टिलाइजर की की है, हमारी कोई शिकायत नहीं है, हम केवल धन्यवाद देने के लिए यहां आये हैं, और कोई दूसरा काम करने के लिए नहीं आये हैं। वे हमारे यहां आये, चाय पी और चाय पीकर उन्होंने जाने का काम किया। पंजाब के चीफ मिनिस्टर ने भी यही कहने का काम किया। मैंने स्टेटमेंट दिया है। इस स्टेटमेंट में माननीय सदस्य को जिस राज्य की गलती लगती है, आपके पास भी स्टेटमेंट है, जिस राज्य का भी आप देखेंगे, जो उपलब्धता और बिक्री है। दोनों में यदि कहीं बिक्री ज्यादा हुई हो या उपलब्धता के बराबर भी हुई हो तो हम उसके लिए दोषी हैं और यदि उपलब्धता आपके पास है और आप बिक्री नहीं कर रहे हैं और उसके बाद भी हमारे ऊपर आरोप लगा रहे हैं तो मैं समझता हूं कि यह उचित नहीं है और यदि हमारा यह स्टेटमेंट गलत है...(व्यवधान) एक मिनट सुन लीजिए।

MR. SPEAKER: Dr. Pandeya, you can ask afterwards.

**श्री राम विलास पासवान:** अध्यक्ष जी, 1977 से यहां हम मैम्बर ऑफ पार्लियामेंट हैं। हम लोग भी अपोजीशन में रहे हैं, अब सरकार में हैं। आपको पूरा अधिकार है,

जो एफ.एम.एस. (फर्टिलाइजर मोनेटरिंग सिस्टम है और जिसके तहत आज हमारी कोई चीज़ सीक्रेट नहीं है, हमने सारी चीज को वैबसाइट पर डाला हुआ है, पहले होता था कि स्टेट में मामला पहुंच जाता था, तब हम सब्सिडी देते थे, लेकिन अब डिस्ट्रिक्ट में जब खाद पहुंचता है, तब हम उसको सब्सिडी देने का काम करते हैं और यह विवरण पूरा का पूरा आपके पास है। यदि यह गलत है तो आपको पूरा अधिकार है कि हमारे खिलाफ आप प्रिवलेज मोशन लाइये, हम कोई भी दंड भुगतने के लिए तैयार हैं, लेकिन सीधी कह देना कि बिल्कुल यह है, वह है, सफेद झूठ है या झूठ है तो मैं इससे सहमत नहीं हूं।

हम लोग मोनेटरिंग करते हैं, जिस तरीके से आप हमसे क्रिटीकल रूप में पूछते हैं, उसी तरीके से हम भी अपने डिपार्टमेंट में सारी चीजों का अध्ययन करते हैं। मैं आपसे कहना चाहता हूं, 10-15 मिनट का आपका टाइम मैं इसमें लूंगा और मैं चाहता हूं कि इस पर सदन गम्भीरतापूर्वक विचार करे। हमारे पास आज यूरिया का प्रोडक्शन 200 लाख टन है, डी.ए.पी. का हम 46 लाख टन प्रोडक्शन करते हैं, बाकी इम्पोर्ट करते हैं। यूरिया का जहां हम 2004-2005 में 6 लाख टन इम्पोर्ट करते थे, अब उसका इम्पोर्ट बढ़कर 73 लाख टन हो गया है।[R18] डीएपी का जहां हम वर्ष 2003-04 में 7 लाख टन का इंपोर्ट करते थे, आज 30 लाख टन का इंपोर्ट करते हैं, एमओपी का जहां 25 लाख टन इंपोर्ट करते थे वहीं आज हम 36 लाख टन का इंपोर्ट कर रहे हैं। जो बिक्री होती थी, उसके बारे में आंकड़े ये हैं - वर्ष 2003-04 में यूरिया की 195 लाख टन बिक्री होती थी, आज उसकी बिक्री 264 लाख टन की हो रही है, डीएपी की बिक्री 55 लाख टन की होती थी, आज उसकी बिक्री 85 लाख टन की हो रही है, एमओपी की बिक्री 16.47 लाख टन की होती थी, आज उसकी 33.78 लाख टन की बिक्री हो रही है, कांप्लेक्स जो हमारे अंडर में नहीं है, उसकी हम मानिटरिंग भी नहीं करते हैं, उसकी 47.57 लाख टन की बिक्री होती थी, लेकिन आज उसकी 74.82 लाख टन की बिक्री हो रही है।

अब मैं आपको बताता हूं कि जो हमारी डिमांड है, वह कितनी बढ़ने वाली है। वर्ष 2011-12 में यूरिया की डिमांड 287 लाख टन की हो जाएगी, जबकि हम प्रोडक्शन दो सौ लाख टन की करते हैं, इसका मतलब हम सारा का सारा इंपोर्ट करेंगे, इसी तरीके से डीएपी का 95 लाख टन इंपोर्ट हमें करना पड़ेगा, अभी 79 लाख टन की आवश्यकता है, इसी तरीके से कांप्लेक्स का 77 से बढ़कर 93 लाख टन की हो जाएगी। सरकार चाहे इस पक्ष की हो या उस पक्ष की हो हम सब्सिडी दे रहे हैं। सब्सिडी में हम 45 हजार करोड़ रूपए दे रहे हैं। किसान का जो एमआरपी है, जो किसान का मूल्य है, उसे हमने बढ़ाने का काम नहीं किया है, चाहे वह यूरिया हो, चाहे डीएपी का हो या एमओपी हो, जिस रेट पर किसान को तीन-चार साल पहले ये मिलते थे, आज भी उसी रेट पर हम उसे दे रहे हैं। आप देखेंगे कि इंटरनेशनल प्राइज बहुत बढ़ गए हैं। वर्ष 2003-04 में यूरिया 156 यूएस डालर प्रति टन मिलता था, आज बढ़कर 407 हो गया है, डीएपी मिलता था 203 डालर प्रति टन, लेकिन आज उसकी कीमत 600 डालर प्रति टन हो गयी है, एमओपी जो 123 डालर प्रति टन मिलता था, वह 325 डालर में मिल रहा है। हमारे ऊपर फाइनेंस मिनिस्ट्री से लेकर कई लोगों का कहना था कि चार गुना दाम बढ़ गए हैं, आप उर्वरक की कीमत क्यों नहीं बढ़ा रहे हैं? हम लोग किसान के हित में कह रहे हैं कि किसान को जो एमआरपी की कीमत पर डीएपी, एमओपी या यूरिया मिल रहा है, हम उसी कीमत पर बेचने का काम करेंगे और उसी कीमत पर बेच रहे हैं। फर्टीलाइज सब्सिडी को अगर आप देखेंगे, तो वर्ष 2003-04 में 8509 रूपए यूरिया पर थी, जो आज बढ़कर 25 हजार 654 रूपए हो गयी, डीएपी पर 3 हजार 326 रूपए थी, जो आज बढ़कर 20 हजार 5 रूपए हो गयी, जो टोटल सब्सिडी थी वह 11 हजार 835 थी, वह किसान के हित आज बढ़कर 45 हजार 659 करोड़ रूपए हो गयी है। इतना होने के बावजूद भी जो हमारा डीएपी का कास्ट है, जो इसका इंपोर्टेड प्राइज है, वह 27 हजार 6 सौ रूपए प्रति टन पड़ता है और जो हम देश में बनाते हैं, उसकी कास्ट 18 हजार 155 रूपए प्रति टन पड़ता है, लेकिन हम किसान को केवल 9 हजार 350 रूपए प्रति टन दे रहे हैं, एमओपी हम इंपोर्ट 12 हजार 323 रूपए प्रति टन में करते हैं और किसान को सिर्फ 4 हजार 455 रूपए में दे रहे हैं, यूरिया हम इंपोर्ट करते हैं 17 हजार 780 रूपए में, हमारा डोमेस्टिक प्रोडेक्शन 11 हजार 674 रूपए में होता है, लेकिन हम किसान को केवल 4 हजार 830 रूपए में देने का काम कर रहे हैं। यह फैक्चुअल है।

हमसे कहा जा रहा है कि सिस्टम क्या है? सिस्टम यह है कि वर्ष 1992 के पहले जितने फर्टिलाइजर्स थे, चाहे यूरिया, चाहे डीएपी या एमओपी थे, सारे सरकार के कंट्रोल में अंदर थे। वर्ष 2003 तक यूरिया पूरा सरकार के कंट्रोल में था। सन् 2003 में यूरिया को 50 प्रतिशत कंट्रोल कर दिया गया, 50 प्रतिशत डीकंट्रोल कर दिया गया। आज की तारीख में सारे फर्टीलाइजर डीकंट्रोल में भी उपलब्ध हैं। डीकंट्रेल का मतलब होता है ग्लास, लोटा, थाली हैं, बाजार में जाएं और पैसे देकर खरीद लें। हम सिर्फ 50 प्रतिशत यूरिया, जो मूव होता है, अपने कंट्रोल में रखते हैं। लेकिन फिर भी हमने सब जगह मौनीटरिंग सिस्टम लागू किया हुआ है। हमने एफएमएस बनाया हुआ है। पहले राज्य के अंतर्गत फर्टीलाइजर पहुंच जाता था तो सबसिडी निकाल लेते थे। हमें इस बारे में बहुत जगह से शिकायत मिली। हमने वेबसाइट खोल दिया। यदि लोग वेबसाइट का नाम देखना चाहें तो हम वह भी दे सकते हैं। उर्वरक की वेबसाइट www.urvarak.co.in है। इस साइट में कोई भी देख सकता है कि कितना माल गया है, कब गया है, कहां गया है, कैसे गया है, किस स्टेशन पर पहुंचा है। आप डीएपी के बारे में कह रहे हैं। हमने मई महीने में सबको खबर कर दी थी। ऐसी बात नहीं है कि डीएपी की कहीं कमी है। लेकिन हां, डीएपी के संबंध में हमने राज्य सरकार को पत्र लिखा था। प्राइवेट कम्पनी के साथ क्या दिक्कत है। रोज दाम बढ़ रहे हैं। आज डीएपी, यूरिया का जो दाम है, कल उससे ज्यादा हो जाता है। हम उनके साथ सालभर का एग्रीमैंट करते हैं। वे समझते हैं कि सबसे कम मुनाफे वाला विभाग खाद है। इसीलिए पन्द्रह साल में खाद का कोई नया कारखाना नहीं लगा। जो खाद के कारखाने थे, एनडीए की सरकार में उन्हें बंद कर दिया गया।...(व्यवधान) जब तक मैं था, तब तक बंद नहीं हुए थे। मैं लड़ता रहा। जब मैं हट गया तब वे कारखाने बंद कर दिए गए।...(व्यवधान) I do not want to indulge into such things....(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Do not interrupt. The Minister is replying. Only his statement will be recorded.

...(*Interruptions*)

**श्री राम विलास पासवान :** पश्चिम बंगाल में हल्दिया का कारखाना था जो बंद पड़ा हुआ है। दुर्गापुर बंद पड़ा हुआ है। बिहार में बरौनी का कारखाना बंद हो गया, सिन्दरी का कारखाना बंद हो गया। रामागुंडम का कारखाना बंद हो गया, गोरखपुर का कारखाना बंद हो गया, तालचर का कारखाना बंद हो गया। (व्यवधान)

MR. SPEAKER: What are you saying? Do not interrupt.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: This is very improper. The hon. Minister is replying and you do not want to hear him. Please take your seat. What is all this going on?

...(*Interruptions*)

**श्री राम विलास पासवान :** मैं सिर्फ इतना ही कह रहा हूं कि सन् 2003 में एफसीआई और एचएफसी के सारे कारखाने बंद कर दिए गए।...(व्यवधान) आपको

यूपीए सरकार को धन्यवाद देना चाहिए कि हमने उन सारे कारखानों को खोलने का निर्णय लिया है।...(व्यवधान) हम प्रत्येक कारखाने में 10 लाख टन पैदावार करेंगे।...(व्यवधान) आठों प्लांट में 80 लाख टन की पैदावार होगी।...(व्यवधान)

मैं दूसरी बात कहना चाहता हूं कि हमारा स्टेट में भेजने का काम है। उसके बाद हमारे पास कोई एजैंसी नहीं है। प्राइवेट सैक्टर ने हमें कहा कि हम 10 से 12 लाख टन आयात करते थे। इस बार उन्होंने कहा कि यह सिचुएशन है, हम 10 से 12 लाख टन नहीं करेंगे। उन्होंने एक दशमलव कुछ लाख टन खरीफ में किया, 8.64 लाख टन रबी में किया और 3.6 लाख टन रबी की फसल में आयात करने का आश्वासन दिया है। हमने आईपीएल से कहा। हमने कहा कि आप इम्पोर्ट कीजिए। उन्होंने कहा हम इम्पोर्ट करेंगे, लेकिन हमारे पास इफ्रास्ट्रक्चर नहीं है। प्राइवेट वालों के पास सब जगह डीलर आदि हैं, लेकिन हमारे पास नहीं हैं।[N19] हमने मई महीने में स्टेट गवर्नमैंट को बुलाकर कहा कि आप सब अपना-अपना नेटवर्क तैयार करो। हम आपको पैसा दे रहे हैं, ट्रंसपोटेशन का चार्ज भी दे रहे हैं। इसके बावजूद भी हम मान लेते हैं कि स्टेट में पहुंच जाये, जैसे गया में पहुंच गया और औरंगाबाद में नहीं पहुंचा, तो क्या इसके लिए राम विलास पासवान जिम्मेदार है? इसके लिए क्या सैंट्रल गवर्नमैंट जिम्मेदार है? अब ये लोग बार-बार रैक के बारे में कहते हैं। हमने पता लगाया कि रैक की कमी नहीं है। रेलवे से रैक दिया जाता है। थोड़ा बहुत माल उठाने में दिक्कत हो ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Do not record any interruption.

*(Interruptions) â€¦**

MR. SPEAKER: Only the hon. Minister's statement will be recorded.

*(Interruptions) â€¦* *

-----------------------------------------------------------------------------------------------

* Not recorded

**श्री राम विलास पासवान :** लेकिन सामान वहां पहुंच जाता है और एक स्टेशन पर क्यू में लगा हुआ है। अब आप कहते हो कि पहले सीमेंट उतार दो, अनाज उतार दो। आप क्यों नहीं यह कहते कि फर्टिलाइजर भी हमें प्रॉयरिटी में दो। आपको पूरा अधिकार है कि ...(व्यवधान) गाजियाबाद में फर्टिलाइजर पड़ा हुआ है और कानपुर में उसका क्राइसिस है। राज्य सरकार को पूरा अधिकार है कि वह रेलवे से रिक्वैस्ट करे कि आप इसे डायवर्ट करके कानपुर में भेज दो। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Shri Uday Singh, what are you doing? What is troubling you? Is this the way to behave?

...(*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदय :** आप बैठ जाइये।

â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Shri Ram Kirpal Yadav, this is not the way to behave.

...(*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदय :** इनको जाना चाहिए। हमें इनको बाहर भेजना पड़ेगा।

â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Shri Surendra Prakash Goyal, what are you doing?

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Hon. Members, I am giving a warning. If anybody does behave like this, I will ask him to go out.

...(*Interruptions*)

**रेल मंत्री (श्री लालू प्रसाद) :** अध्यक्ष महोदय, आप एक्शन नहीं लेते हैं। ...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** हम कभी न कभी एक्शन लेंगे। एक दिन हमने एक सदस्य को बाहर भेजा था जिसका हमें दुख लगा था। हमारा जो चिंतन है, उसकी कोई मर्यादा नहीं समझता। हमें इसका उस दिन बहुत दुख हुआ था। इस कारण हम उस रात को सो भी नहीं पाये। Now, it seems that the disease is becoming more contagious.

...(*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदय :** हम आपको और क्या करेंगे? आप लोग मिनिस्टर की बात को सुनना नहीं चाहते हैं। जब आप मिनिस्टर से सवाल पूछते हैं, तो क्या वह जवाब नहीं देंगे?

â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Now, I will adjourn the House.

...(*Interruptions*)

**श्री राम विलास पासवान :** अध्यक्ष महोदय, उदय बाबू बार-बार उठ रहे हैं। मैं पटना गया था। वहां मैंने पढ़ा कि शायद डीएपी की किल्लत है। हम वहां से आये, तो हमने पूछा कि वहां इसकी कितनी डिमांड है? हमारे डिपार्टमैंट ने बताया कि अक्टूबर में जब हम खाद दे रहे थे, तो इन लोगों ने कहा कि इस समय बाढ़ है और 20 जिले पानी से घिरे हुए हैं इसलिए हमें खाद नहीं चाहिए। इसके बाद नवम्बर में इन्होंने 60 हजार टन खाद की डिमांड की जबकि इन्हें अभी तक 94 हजार टन भेजी गयी है। इसके बाद 1 लाख 60 हजार टन अभी तक इन्हें मिल गयी होगी। इसे मैं नहीं कह रहा हूं, इनके जो अफसर हैं, मैं हाउस में उस अफसर का नाम नहीं लेना चाहता हूं। उनके अफसर ने आकर सर्टिफाइड करके लिखा है। मैं पटना गया था और वहां मैंने चैलेंज किया कि यदि राम विलास पासवान गलत बोलते होंगे, तो हम इस्तीफा देंगे।...(व्यवधान) *

**अध्यक्ष महोदय :** आप छोड़िये।

â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please do not go into details. Do not go into State matters.

...(*Interruptions*)

**श्री राम विलास पासवान :** अध्यक्ष महोदय, मैं जो चीज बोल रहा हूं, उसे मैं ऑन रिकार्ड बोल रहा हूं और रिसीट के आधार पर बोल रहा हूं। ...(व्यवधान) जितने स्टेट्स का दिया गया है, सारे के सारे ...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** अब आप कन्कलूड कीजिए।

â€¦(व्यवधान)

SHRI RAM VILAS PASWAN: I am concluding. Let me conclude....(*Interruptions*) मैं आपसे इतना ही कहना चाहूंगा कि यहां जितने सदस्य उठे हैं, उनको अपनी-अपनी राज्य सरकार से पूछना चाहिए। ...(व्यवधान)

---

* Not recorded

**अध्यक्ष महोदय :** हम उसे डिलीट कर देंगे। चीफ मिनिस्टर के बारे में डिलीट कर देंगे।

â€¦(व्यवधान)

**श्री राम विलास पासवान :** सारे सदस्यों को अपनी-अपनी राज्य सरकार से इस बारे में पूछना चाहिए। यदि राज्य सरकार के पास कम गया होगा, तो केन्द्र सरकार जिम्मेदार है। लेकिन राज्य सरकार के पास सही गया है और डिस्ट्रीब्यूशन ठीक से नहीं कर रहे हैं, तो यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी है।...(व्यवधान)[MSOffice20]

राज्य सरकार को इसे करना चाहिए।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हू.

MR. SPEAKER : Do not mention any State. You have given the figures.

**श्री अशोक अर्गल (मुरैना) :** महोदय, मुझे बोलने का मौका दीजिए।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Now, the House will take up Item No.20A. A Statement is to be made by the hon. Minister Shri Priya Ranjan Dasmunsi.

**12.51 hrs.**